# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2022

## इंटरमीडिएट परीक्षा - 2022

### (ANNUAL / वार्षिक)

## हिन्दी

समय: 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश:

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।

2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

4. यह प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।

5. यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है- खण्ड - 'अ' एवं खण्ड - 'ब''

6. खण्ड 'अ' में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गए OMR उत्तर-पत्रक में दिए गए सही विकल्प को नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

7. खण्ड-ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं।

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

BiharboardQuestionpaper.com

1. बालकृष्ण भट्ट के पिता पेशे से क्या थे?

(a) चिकित्सक

(b) व्यापारी

(c) शिक्षक

(d) समाजसेवी

2. 'उसने कहा था' शीर्षक कहानी के लेखक हैं।

(a) जयप्रकाश नारायण

(b) रामधारी सिंह दिनकर

(c) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

(d) नामवर सिंह

3. 'उसने कहा था' कहानी में लहना सिंह कहाँ का रहनेवाला था ?

(a) कलानौर का

(b) मगरे का

(c) रंजीत बाग का

(d) माँझे का

4. 'लोकनायक' के रूप में कौन प्रसिद्ध हुए ?

(a) बालकृष्ण भट्ट

(b) रामधारी सिंह दिनकर

(c) जयप्रकाश नारायण

(d) जे. कृष्णमूर्ति

5. 1974 ई. में जयप्रकाश नारायण ने किस आंदोलन का नेतृत्व किया ?

(a) मुण्डा विद्रोह का

(b) किसान आंदोलन का

(c) 1857 ई. के आंदोलन

(d) छात्र आंदोलन का

BiharboardQuestionpaper.com

6. दलविहीन लोकतंत्र किस विचार का मुख्य राजनीतिक सिद्धांत है ?
(a) सर्वोदय विचार का
(b) क्रांतिकारी विचार का
(c) समन्वयवादी विचार का
(d) अलगाववादी विचार का

7. रामधारी सिंह दिनकर के पिता का क्या नाम था?
(a) जय सिंह
(b) रवि सिंह
(c) राणा सिंह
(d) फूल सिंह

8. निम्न में रामधारी सिंह दिनकर की रचना कौन है ?
(a) शिशुपाल वध
(b) नल दमयंती
(c) उर्वशी
(d) रहस्य कथा

9. 'अर्धनारीश्वर' शीर्षक पाठ में कौन स्वयं वृत बन गया और नारी को उसने कली मान लिया ?
(a) युवक
(b) युवती
(c) जनता
(d) पुरुष

10. 'नारी तो हम हूँ करी, तब न किया विचार। जब जानी तब परिहरी, नारी महाविकार"- यह पंक्ति किस पाठ से है ?
(a) अर्धनारीश्वर
(b) शिक्षा
(c) सिपाही की माँ
(d) तिरिछ

BiharboardQuestionpaper.com

11. सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय का जन्म कब हुआ था ?
(a) 4 दिसम्बर, 1911 ई.
(b) 7 मार्च, 1911 ई.
(c) 8 जुलाई, 1912 ई.
(d) 7 अगस्त, 1914 ई.

12. जायसी ने अपनी आँख की तुलना किससे की है ?
(a) आकाश से
(b) फूल से
(c) दर्पण से
(d) सूर्य से

13. निम्न में कौन कृति जायसी की नहीं है ?
(a) पद्मावत
(b) अखरावट
(c) चित्ररेखा
(d) भक्तमाल

14. 'राधारसकेलि' किसकी रचना है ?
(a) सूरदास
(b) जायसी
(c) नाभादास
(d) तुलसीदास

15. किसको रचना 'श्रीमद्भागवत' की पद्धति पर द्वादश स्कंधों में हुई है?
(a) 'राधारसकेलि' की
(b) 'सूरसागर' की
(c) 'सूरसारावली' की
(d) 'साहित्यलहरी' की

BiharboardQuestionpaper.com

16. तुलसीदास के दीक्षा गुरु कौन थे ?
(a) नरोत्तमदास
(b) नरेनदास
(c) नरहरिदास
(d) नवीनदास

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें ..

17. निम्न में कौन रचना तुलसीदास की है ?
(a) शिवा बावनी
(b) मसलानामा
(c) लहर
(d) दोहावली

18. 'हनुमान बाहुक' रचना कितने छंदों की है ?
(a) 44
(b) 45
(c) 46
(d) 47

BiharboardQuestionpaper.com

19. 'रामचरितमानस' निम्न में क्या है ?
(a) गीतिकाव्य
(b) महाकाव्य
(c) खंडकाव्य
(d) इनमें से कोई नहीं

20. 'छप्पय' के अनुसार-सबके हित का वचन कौन कहता है ?
(a) रहीम
(b) जायसी
(c) कबीर
(d) तुलसी

21. विमल बुद्धि हो तासुकी; जो यह गुन श्रवननि धरै'- यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से है ?

(a) कड़बक

(b) कविता

(c) पद

(d) छप्पय

22. 'शिवराज भूषण' में कितने अलंकारों का निरूपण हुआ है ?

(a) 105

(b) 104

(c) 102

(d) 103

23. चिंतामणि त्रिपाठी और मतिराम, भूषण के कौन थे ?

(a) दोस्त के रूप में

(b) भाई के रूप में

(c) चाचा के रूप में

(d) मामा के रूप में

24. 'तितली' उपन्यास किनकी रचना है ?

(a) रघुवीर सहाय

(b) विनोद कुमार शुक्ल

(c) जयशंकर प्रसाद

(d) अशोक वाजपेयी

25. जयशंकर प्रसाद के ज्येष्ठ भ्राता का क्या नाम था ?

(a) शिवशंकर प्रसाद

(b) विजयशंकर प्रसाद

(c) रविशंकर प्रसाद

(d) शंभु रतन

BiharboardQuestionpaper.com

26. सुभद्रा कुमार चौहान और महादेवी वर्मा किस स्कूल में एक साथ पढ़ती थीं ?
(a) क्रास्थवेट गर्ल्स स्कूल, इलाहाबाद
(b) संत जेवियर्स स्कूल, पटना
(c) जीनपॉल स्कूल, आरा
(d) बुनियादी विद्यालय, मोतीहारी

27. 'गुलामी का नशा' नामक नाटक के लेखक कौन हैं ?
(a) ठाकुर दयाल सिंह
(b) ठाकुर लक्ष्मण सिंह
(c) ठाकुर रघुवंश सिंह
(d) ठाकुर जीवन सिंह

28. 'छोड़ काम दौड़ कर आई 'मा' कहकर जिस समय पुकारा'-किस कविता की पंक्ति है?
(a) उषा
(b) हार-जीत
(c) पुत्र-वियोग
(d) गाँव का घर

29. शमशेर बहादुर सिंह की रचना निम्न में कौन है ?
(a) सतह से उठता आदमी
(b) लोग भूल गए
(c) खिलेगा तो देखेंगे
(d) टूटी हुई बिखरी हुई

30. गजानन माधव मुक्तिबोध का जन्म कब हुआ था ?
(a) 1916 ई.
(b) 1917 ई.
(c) 1915 ई.
(d) 1918 ई.

BiharboardQuestionpaper.com

31. गजानन माधव मुक्तिबोध ने किस विश्वविद्यालय से एम. ए. उत्तीर्ण किया ?
(a) नागपुर विश्वविद्यालय से
(b) लखनऊ विश्वविद्यालय से
(c) राँची विश्वविद्यालय से
(d) पटना विश्वविद्यालय से

32. 'कामायनी : एक पुनर्विचार' किसकी रचना है ?
(a) विनोद कुमार शुक्ल
(b) गजानन माधव मुक्तिबोध
(c) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय
(d) मलिक मुहम्मद जायसी

33. राष्ट्रीय त्योहार के दिन हरचरना क्या पहने हुए है ?
(a) फटा कुर्ता
(b) फटा पैजामा
(c) फटी धोती
(d) फटा सुथन्ना

34. निम्न में कौन कवित-संकलन विनोद कुमार शुक्ल का है ?
(a) वह आदमी नया गरम कोट पहनकर चला गया विचार की तरह
(b) 'उम्मीद का दूसरा नाम'
(c) 'कवि ने कहा'
(d) 'चाँद का मुँह टेढ़ा है'

35. "एक तार लोहे का लंबा लकड़ी के दो खंबों पर तना बंधा हुआ बाहर" यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से उद्धृत है ?
(a) पुत्र वियोग
(b) उषा
(c) प्यारे नन्हें बेटे को
(d) हार-जीत

BiharboardQuestionpaper.com

36. प्यारे नन्हें बेटे को शीर्षक कविता किस कविता संकलन से संकलित है ?

(a) अष्टयाम

(b) शिवा बावनी

(c) लहर

(d) वह आदमी नया गरम कोट पहनकर चला गया

37. अशोक वाजपेयी का जन्म कब हुआ था ?

(a) 16 जनवरी, 1941 ई.

(b) 10 जनवरी, 1942 ई.

(c) 14 जनवरी, 1943 ई.

(d) 15 जनवरी, 1944 ई.

38. 'पेड़ पर कमरा' का अनुवाद किस भाषा में हुआ है ?

(a) फ्रेंच भाषा में

(b) इतालवी भाषा में

(c) मैथिली भाषा में

(d) जापानी भाषा में

39. भगत सिंह का संपूर्ण परिवार क्या था ?

(a) व्यापारी

(b) नौकरी पेशा

(c) स्वाधीनता सेनानी

(d) वैज्ञानिक

40. 'आत्महत्या एक घृणित अपराध है, यह पूर्णतः कायरता का कार्य है।' यह कथन किसका है ?

(a) शमशेर बहादुर सिंह का

(b) अशोक वाजपेयी का

(c) रघुवीर सहाय का

(d) भगत सिंह का

BiharboardQuestionpaper.com

41. जगदीशचन्द्र माथुर ने किस विश्वविद्यालय से एम. ए. उत्तीर्ण किया?
(a) इलाहाबाद विश्वविद्यालय से
(b) कलकत्ता विश्वविद्यालय से
(c) लखनऊ विश्वविद्यालय से
(d) काशी हिंदू विश्वविद्यालय ये

42. 'ओ मेरे सपने' एकांकी किनकी रचना है ?
(a) जे. कृष्णमूर्ति
(b) जगदीशचंद्र माथुर
(c) मोहन राकेश
(d) उदय प्रकाश

43 'ओ सदानीरा' शीर्षक पाठ के अनुसार- 'सुलतान ने घोड़े से उतरकर किस पर आघात किया ?
(a) नीम के तने पर
(b) पीपल के तने पर
(c) विशाल विटप के तने पर
(d) सागौन के तने पर

44. दक्षिण बिहार के गया जिले से किस जाति के लोगों को चम्पारण में नील की खेती के लिए लाया गया ?
(a) ब्राह्मण
(b) क्षत्रिय
(c) कुम्हार
(d) भुँइया

45 राजकुमार शुक्ल की मृत्यु कब हुई ?
(a) 1930 ई. के आसपास
(b) 1936 ई० के आसपास
(c) 1937 ई. के आसपास
(d) 1938 ई० के आसपास

BiharboardQuestionpaper.com

46. मोहन राकेश का जन्म कहाँ हुआ था ?
(a) महूई, आजमगढ़
(b) जंडीवाली गली, अमृतसर
(c) अनूपपुर, मध्य प्रदेश
(d) लखनऊ, उत्तर प्रदेश

47. सिपाही की माँ' शीर्षक पाठ में, कुंती कौन है ?
(a) बिशनी की माँ
(b) बिशनी की चाची
(c) बिशनी की पड़ोसन
(d) बिशनी की भाभी

48. नामवर सिंह के पी०एच०डी० का विषय क्या था ?
(a) श्रीलाल शुक्ल के राजनीतिक चेतना
(b) नाटकों में मिथकीय आयम
(c) हिंदी कहानी में मुस्लिम जीवन संदर्भ
(d) पृथ्वीराज रासो की भाषा

49. 'वाद विवाद संवाद' क्या है ?
(a) आलोचनात्मक निबंधों की पुस्तक
(b) कविता संग्रह
(c) कहानी संग्रह
(d) नाट्य संग्रह

50. आचार्य रामचंद्र शुक्ल को 'सूरसागर' परिसीमित लगा, क्योंकि वह
(a) प्रबंधकाव्य है
(b) गीतिकाव्य है
(c) कहानी संगह है
(d) कविता संग्रह है

BiharboardQuestionpaper.com

51. 'गाँव का घर' शीर्षक कविता के रचनाकार कौन हैं ?

(a) ज्ञानेंद्रपति

(b) भगत सिंह

(c) शरद विल्लौरे

(d) उदय प्रकाश

52. 1995 ई. में परिवेश सम्मान' किसे प्राप्त हुआ ?

(a) बालकृष्ण भट्ट को

(b) चंद्रधर शर्मा गुलेरी को

(c) मोहन राकेश को

(d) ओमप्रकाश वाल्मीकि को

53. 'जूठन' शीर्षक पाठ में, "किसने झाड़ू छीनकर दूर फेंक दी ?"

(a) लेखक के पिताजी ने

(b) लेखक ने

(c) लेखक के भाई ने

(d) लेखक की माँ ने

54. 1870-90 ई. के बीच गाइ-डि-मोपासाँ की कविता की कितनी पुस्तक प्रकाशित हुई?

(a) तीन

(b) एक

(c) दो

(d) चार

55. 'रस्सी का टुकड़ा' शीर्षक पाठ के अनुसार 'काले चमड़े के बटुआ में क्या है ?

(a) दो सौ फ्रेंक और कागजात

(b) चार सौ फ्रेंक और कागजात

(c) छह सौ फ्रेंक और कागजात

(d) पाँच सौ फ्रेंक और व्यापार से संबंधित कागजात

BiharboardQuestionpaper.com

56. कारमेन पहले कितने बच्चों को खो चुकी थी ?

(a) दो

(b) चार

(c) तीन

(d) छह

57. 'ज' का उच्चारण-स्थान क्या है ?

(a) मूर्दा

(b) तालु

(c) दंत

(d) ओष्ठ

58. "कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग, पवर्ग"- किस व्यंजन वर्ण के अन्तर्गत आते हैं ?

(a) अंतःस्थ व्यंजन

(b) ऊष्म व्यंजन

(c) स्पर्श व्यंजन

(d) इनमें से कोई नहीं

59. 'नीरोग' शब्द का संधि-विच्छेद है।

(a) नी + रोग

(b) नीरो + ग

(c) नि + रोग

(d) नि: + रोग

60. निम्न में शुद्ध शब्द कौन है ?

(a) तात्कालिक

(b) तत्व

(c) शसि

(d) हिन्दू

BiharboardQuestionpaper.com

61. 'विंध्याचल' शब्द संज्ञा है ?
(a) जातिवाचक
(b) व्यक्तिवाचक
(c) समूहवाचक
(d) द्रव्यवाचक

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें ..

62. 'मुंह' शब्द लिंग है
(a) स्त्रीलिंग
(b) उभयलिंग
(c) पुंलिंग
(d) इनमे से कोई नहीं

63. 'शय्या' शब्द है
(a) तत्सम
(b) तद्भव
(c) देशज
(d) विदेशज

64. 'चंचल' शब्द का स्त्रीलिंग रूप क्या है ?
(a) चंचली
(b) चंचला
(c) चंचिल
(d) चंचलानी

65. निम्न में संबोधन कारक का विभक्ति चिह्न कौन है ?
(a) ने
(b) से
(c) अरे
(d) को

BiharboardQuestionpaper.com

66. शीला ने सावित्री को जी भर कोसा' किस कारक का उदाहरण है ?
(a) करण कारक
(b) सम्प्रदान कारक
(c) अपादान कारक
(d) कर्म कारक

67. जब कोई शब्द वाक्य में पिरो दिए जाते हैं, तब क्या कहलाते हैं ?
(a) शब्द
(b) पद
(c) लिंग
(d) वचन

68. निम्न में द्रव्यवाचक संज्ञा कौन है
(a) मिठास
(b) बिजली
(c) पानी
(d) कलम

69. हिंदी में कुल कितने सर्वनाम हैं ?
(a) तीन
(b) चार
(c) आठ
(d) ग्यारह

70. वह कौन है, जो वहाँ सो रहा है-किस सर्वनाम का उदाहरण है ?
(a) संबंधवाचक
(b) निश्चयवाचक
(c) अनिश्चयवाचक
(d) प्रश्नवाचक

BiharboardQuestionpaper.com

71. 'बीस किलो चावल' कौन विशेषण है ?

(a) संख्यावाचक विशेषण

(b) परिमाणबोधक विशेषण

(c) गुणवाचक विशेषण

(d) सार्वनामिक विशेषण

72. 'राम सोता है' कौन क्रिया है ?

(a) सकर्मक क्रिया

(b) अकर्मक क्रिया

(c) द्विकर्मक क्रिया

(d) इनमे से कोई नहीं

73. 'लड़के ने पुस्तक पढ़ी है-' किस 'काल' का उदाहरण है ?

(a) वर्तमान काल

(b) भूत काल

(c) भविष्यत काल

(d) सामान्य भविष्य

74. निम्न में अव्यय कौन है ?

(a) मौसम

(b) बल्कि

(c) वह

(d) आप

75. 'उपस्थिति' शब्द में उपसर्ग है

(a) उ

(b) प

(c) उप

(d) उप्

BiharboardQuestionpaper.com

76. 'शक्ति' शब्द में प्रत्यय है

(a) क्ति

(b) ती

(c) क्त

(d) ति

77. 'अजय' शब्द का विशेषण है।

(a) अजित

(b) अधिकारी

(c) उजागर

(d) आग्नेय

78. दो पदों का योग किसमें होता है ?

(a) वर्ण में

(b) समास में

(c) संधि में

(d) अव्यय में

79. 'विद्यासागर' शब्द कौन समास है ?

(a) द्विगु

(b) द्वंद्व

(c) तत्पुरुष

(d) अव्ययीभाव

80. 'अग्नि' का तद्भव रूप क्या है ?

(a) अगन

(b) गरम

(c) अग्नि

(d) आग

BiharboardQuestionpaper.com

81. 'सूर्योदय हूआ और कुहासा जाता रहा' किस वाक्य का उदाहरण है ?
(a) संयुक्त वाक्य
(b) सरल वाक्य
(c) मिश्र वाक्य
(d) इनमे से कोई नहीं

82. निम्न में शुद्ध वाक्य कौन है ?
(a) थोड़ी देर बाद वे वापस लौट आए
(b) चाहे जैसे भी हो, वहाँ जाओ
(c) मुझसे यह काम संभव नहीं
(d) शास्त्रीजी की मृत्यु से हमें बड़ा खेद हुआ

83. 'महादेव' शब्द का पर्यायवाची है
(a) सुधी
(b) कोविद
(c) बुध
(d) शंकर

84. 'दूषित' शब्द का विलोम है
(a) स्वच्छ
(b) दुर्बल
(c) दुष्ट
(d) देय

85. 'जो नया आया हुआ हो'- के लिए एक शब्द है।
(a) आगंतुक
(b) नवागंतुक
(c) अज्ञ
(d) अतीत

BiharboardQuestionpaper.com

86. 'घर का न घाट का'- 'मुहावरे का अर्थ क्या है ?
(a) मौका ताकना
(b) जवाब न देना
(c) कहीं का नहीं
(d) क्षमा करना

87. "हलवाई' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है
(a) हलविन
(b) हलुआइन
(c) हलुवानी
(d) हलवाइन

88. "हम ऐसा नहीं कर सकते ? कौन सर्वनाम है ?
(a) प्रश्नवाचक
(b) निश्चयवाचक
(c) निजवाचक
(d) संबंधवाचक

89. 'काम में लगा हुआ आदमी'- कौन पदबंध है ?
(a) सर्वनाम पदबंध
(b) विशेषण पदबंध
(c) क्रिया-पदबंध
(d) संज्ञा-पदबंध

90. 'यथासंभव' शब्द कौन समास है ?
(a) तत्पुरुष
(b) बहुव्रीहि
(c) अव्ययीभाव
(d) द्वंद्व

BiharboardQuestionpaper.com

91. 'मिलनसार' शब्द में प्रत्यय है
(a) र
(b) र्
(c) सर
(d) सार

92. 'निर्भय' शब्द में उपसर्ग है
(a) निर्
(b) नि
(c) निभ
(d) निर्भ

93. निम्न में 'सार्वनामिक विशेषण' का उदाहरण कौन है ?
(a) बड़ा-सा मकान
(b) कोई आदमी
(c) चार गंज मलमल
(d) तीस दिन

94. 'वह घर से बाहर आया किस कारक का उदाहरण है ?
(a) संप्रदान कारक
(b) संबंध कारक
(c) अपादान कारक
(d) अधिकरण कारक

95. 'सोना (धातु)' शब्द कौन लिंग है ?
(a) स्त्रीलिंग
(b) तद्भव
(c) उभयलिंग
(d) पुलिंग

BiharboardQuestionpaper.com

96. 'तोता' शब्द कौन संज्ञा है ?

(a) जातिवाचक

(b) व्यक्तिवाचक

(c) भाववाक

(d) द्रव्यवाचक

97. 'सत्याग्रह' शब्द का संधि-विच्छेद है।

(a) सत्या + ग्रह

(b) सत्य + आग्रह

(c) सत् + आग्रह

(d) स + त्याग्रह

98. 'घ' का उच्चारण-स्थान क्या है ?

(a) तालू

(b) मूर्द्धा

(c) कंठ

(d) ओष्ठ

99. 'महोत्सव' शब्द का संधि-विच्छेद है

(a) महो + त्सव

(b) महा + त्सव

(c) महोत्स + व

(d) महा + उत्सव

100. 'बात बनाना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(a) बहाना करना

(b) बहस छिड़ना

(c) बोलने से रोकना

(d) विरोध में खड़ा होना

BiharboardQuestionpaper.com

## SECTION-B

### विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें :

(i) पर्यावरण

(ii) आत्मनिर्भर भारत

(iii) स्वतंत्रता दिवस

(iv) बाढ़

(v) स्वास्थ्य ही धन है

(vi) मेरी प्रिय पुस्तक

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या करें

(i) "कविता जो कुछ कह रही है उसे सिर्फ वही समझ सकता है जो इसके एकाकीपन में मानवता की आवाज सुन सकता है।"

(ii) "वर-घर देखकर ही क्या करना है, कुंती ? मानक आए तो कुछ हो भी तुझे पता ही है, आजकल लोगों के हाथ कितने बंधे हुए हैं ?"

(iii) “प्रतिभट्ट कटक कटील केते काटि-काटि,

कालिका सी किलकि कलेक देति काल को।"

(iv) "पवन की प्राचीर में रूक,

जला जीवन जा रहा झुक;

इस झुलसते विश्व-वन की,

मैं कुसुम ऋतु रात रे मन ।"

3. अपने प्रधानाचार्य के पास एक आवेदन पत्र लिखें, जिसमें विद्यालय परित्याग प्रमाण देने का अनुरोध किया गया हो।

BiharboardQuestionpaper.com

अथवा

अपनी बड़ी बहन के पास एक पत्र लिखें, जिसमें राखी नहीं भेजने के लिए नाराजगी प्रकट की गयी हो।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पांच के उत्तर दें :

(i) मानक और सिपाही एक दूसरे को क्यों मारना चाहते हैं ? 'सिपाही की माँ' शीर्षक के एकांकी के अनुसार लिखें।

(ii) बातचीत' शीर्षक पाठ में- 'दो बुढ़ियों की बातचीत का प्रकरण' क्या है ?

(iii) भ्रष्टाचार की जड़ क्या है ? क्या आप जयप्रकाश नारायण के विचार से सहमत हैं

(iv) जिसे भी पुरुष अपना कर्मक्षेत्र मानता है, वह नारी का भी कर्मक्षेत्र है। कैसे ?

(v) मालती के घर का वातावरण आपको कैसा लगा ? 'रोज' शीर्षक कहानी के अनुसार बताइए |

(vi) नाभादास ने 'छप्पय' में कबीर के किन विशेषताओ का उल्लेख किया है ?

(vii) भूषण ने शिवाजी की तुलना किन-किन से की है ?

(viii) हृदय की बात का क्या कार्य है ?

(ix) नील जल में किसकी गौर देह हिल रही है ? 'उषा' शीर्षक कविता के आधार पर बताइए।

(x) समूची दुनिया में जन-जन का युद्ध क्यों चल रहा है ?

5. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें :

(i) 'बचपन से ही आपका ऐसे वातावरण में रहना अत्यंत आवश्यक है जो स्वतंत्रतापूर्ण हो।' क्यों ? 'शिक्षा' शीर्षक पाठ के अनुसार बताइए।

(ii) डायरी के इन अंशों में मलयज की गहरी संवेदना घुली हुई है। 'हँसते हुए मेरा अकेलापन' शीर्षक पाठ के आधार पर प्रमाणित करें।

(iii) गाँधीजी के चम्पारण आंदोलन की किन दो सीखों का उल्लेख लेखक ने किया है ? इन सीखों को आज आप कितना उपयोगी मानते हैं ? लिखें।

BiharboardQuestionpaper.com

(iv) 'प्यारे नन्हें बेटे को' शीर्षक कविता में कवि लोहे की पहचान किस रूप में कराते हैं? यही पहचान उनकी पत्नी किस रूप में कराती हैं ?

(v) 'पुत्र-वियोग' शीर्षक कविता में पुत्र को 'छौना' कहने में क्या भाव छुपा है, उसे उद्‌घाटित करी

(vi) 'भूषण रीतिकाल की किस धारा के कवि हैं ? वे अन्य रीतिकालीन कवियों से विशिष्ट कैसे हैं ?

6. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी एक का संक्षेपण कीजिए:

(i) पृथ्वी माता है, मैं उसका पुत्र हूँ। यही स्वराज्य की भावना है। जब प्रत्येक व्यक्ति, जिस पृथ्वी पर उसका जन्म हुआ है, उसे अपनी मातृभूमि समझने लगता है, तो उसका मन मातृभूमि से जुड़ जाता है। मातृभूमि उसके लिए देवता के समान है। जीवन में चाहे जैसा अनुभव हो, वह मातृभूमि से द्रोह की बात नहीं सोचता मातृभूमि के प्रति जब यह भाव दृढ़ हो जाता है, तब वहीं से सच्ची राष्ट्रीय एकता का जन्म होता है। उस स्थिति में मातृभूमि पर बसने वाले नागरिकगण एक दूसरे से सौदा करने या शर्त तय करने की बात नहीं सोचते, बल्कि मातृभूमि के प्रति अपने कर्तव्य की बात सोचते हैं।

(ii) आज की भागदौड़ के इस युग में न केवल व्यापारी, वकील अभिनेता, शिक्षक, चिकित्सक, इंजीनियर और प्रबंधक ही तनाव के शिकार हैं, बल्कि अपने कैरियर और परीक्षा में चिंतित छात्र-छात्राएँ भी कम तनावग्रस्त नहीं हैं। इसका बुरा प्रभाव उनके स्वास्थ्य पर पड़ता है। कुछ लोग आर्थिक तंगी के कारण तनावग्रस्त है, तो कुछ सभी प्रकार की सुविधाओं से सम्पन्न होते हुए भी उन्हें बनाए रखने और निरन्तर बढ़ाने की भाग-दौड़ में तनावग्रस्त हैं। यह हृदय-रोग, अल्सर, मधुमेह और दूसरी कई बीमारियों का कारण बन रहा है। इस तनाव भागदौड़ के कारण व्यक्ति अपने खानपान तक की अपेक्षा करता है। गंभीर समस्याओं से जूझते हुए उसे इतना भी समय नहीं मिल पाता कि वह अपने घर-परिवार, सगे-संबंधियों के साथ फुरसत से बैठ सके।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें..
BiharboardQuestionpaper.com